## खबर संक्षेप

### भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा का मडला आगमन 6 अप्रैल को



**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद जगत प्रकाश नड्डा का 6 अप्रैल को मण्डला आगमन होगा। मण्डला नगर में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के मण्डला में आयोजित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए जिला अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी द्वारा प्रारंभिक तैयारियो की जा रही है।

### फेसबुक पर फेक न्यूज डालने वाले व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज

**मण्डला।** फेसबुक पर फेक न्यूज पोस्ट करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उपयोग में लाई जाने वाली डमी ईवीएम के साथ निर्धारित प्रारूप 7 क को जोड़कर फेसबुक में डालते हुए निर्वाचन में असम्यक असर डालने का प्रयास करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस थाना नैनपुर में एफआईआर दर्ज कराई गई है। संबंधित के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 171(ग), 469 तथा 186 की तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## पति के नाम किया लगभग 20 लाख रूपये का भुगतान

# पत्नि सचिव चार्ज पर तो पति मालामाल

*** 02 साल में जनपद से जिला पंचायत नहीं पहुंचा प्रतिवेदन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





पूरा देश भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई लड़ रहा है पहले के वर्षो में विकास न होना और अर्थव्यवस्था का गर्त में जाने के पीछे भ्रष्टाचार एक बड़ा कारण था। पिछले 10 वर्षो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिशा में लगातार कार्यवाही कर रहे हैं और जांच एजेंसियाँ भी निष्पक्ष होकर भ्रष्टाचारियों को जेल भेज रही हैं जहां देश के विभिन्न राज्यों के 02 मुख्यमंत्री जेल में हैं तो वहीं हमारे जिले के हालात यह है कि जांच प्रतिवेदन में दोषी पाये गये सचिव का जांच प्रतिवेदन 02 वर्षो से जनपद पंचायत से जिला पंचायत तक का सफर तय नहीं कर सका।

### क्या है मामला

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत आने वाली पंचायत अमदरा की रोजगार सहायक कृष्णा मरावी जो कि प्रभारी सचिव के पद पर रहीं उन्होंने अपने कार्यकाल में 19 लाख रूपये से अधिक के भुगतान अपने पति के नाम कर दिये। पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत पंचायत में पदस्थ लोक सेवक या निर्वाचित सदस्य अपने सगे-संबंधियों को सीधे कोई लाभ नहीं पहुंचा सकते लेकिन ग्राम पंचायत अमदरा में 14वें वित्त, 15वें वित्त योजना एवं ग्राम पंचायत के अंतर्गत निर्माण कार्यो के भुगतान की राशि अपने ही पति के नाम कर दी। पति जो कि दूसरी ग्राम पंचायत का निवासी है उसके बिल्डिंग सप्लाई की कथित फर्म जिसका जीएसटी नम्बर भी है को लाखों के भुगतान किये गये। उक्त फर्जी कार्यो की जांच लगभग 02 वर्ष पूर्व की जा चुकी है और इसमें तात्कालीन प्रभारी सचिव एवं तात्कालीन सरपंच के साथ-साथ वर्तमान सरपंच को भी आरोपी बनाया गया और लगभग 20 लाख रूपये की वसूली किये जाने की बात कही गई। उक्त प्रतिवेदन जनपद के पीसीओ द्वारा जांच कर जनपद को भेजा गया। 2022 में य जांच की गई और प्रतिवेदन जनपद में जमा किया गया उसके बाद न तो प्रभारी सचिव पर न ही तात्कालीन सरपंच पर और न ही वर्तमान सरपंच पर जनपद द्वारा कोई कार्यवाही की गई। जबकि जांच प्रतिवेदन में अलग-अलग प्रस्तावों एवं भुगतान बाऊचरों के आधार पर अलग-अलग तारीखों पर हुये भुगतान को फर्जी बताया गया और उसको वसूल करने की बात कही गई लेकिन इस समय 2024 का मार्च माह भी बीत चुका न तो इस जांच प्रतिवेदन के आधार पर कोई कार्यवाही हुई और न ही जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत तक पहुंच सका। इसका कारण क्या है यह तो संबंधित जनपद के अधिकारी एवं जनपद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ही बता सकते हैं। जनपद का जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत तक न पहुंच पाने का कारण लेन-देन संस्कृति को ही बताया जा रहा है अन्यथा प्रथम दृष्टया ही यह पूरा मामला स्पष्ट है जिसमें प्रभारी सचिव द्वारा अपने पति की फर्म के खाते में भुगतान किया गया है वह तो दस्तावेजों में स्पष्ट हो रहा है तो फिर आज दिनांक तक इसकी वसूली क्यों नहीं की गई।

एक ओर जहां पूरे देश में भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई लड़ी जा रही है तो वहीं हमारे जिले में जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि न केवल भ्रष्टाचार में लिप्त नजर आ रहे हैं बल्कि वे भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिये भी पूरी तरह प्रयासरत हैं। ऐसी स्थिति में अब कौन होगा जो ईमानदारी की बात करेगा एवं विकास के नाम पर जो राशि पंचायतों को दी जाती है उसे भ्रष्टाचार करते हुये यदि अपने परिजनों को ही फायदा पहुंचाया जाता रहा है तो फिर अंतिम छोर के व्यक्ति को जो लाभ पहुंचाने की बात भाजपा सरकार करती रही है उसे कैसें फलीभूत किया जा सकता है।

पंचायत राज व्यवस्था में ऐसे पूरे प्रावधान हैं जिनके आधार पर पारदर्शितापूर्वक निर्माण कार्य संपन्न कराये जायें और भुगतान ग्राम पंचायत समिति एवं ग्राम सभा के अनुमोदन के बाद ही हों लेकिन ऐसा हो नहीं रहा।




# भाजपा अनु.जा.मोर्चा की जिला बैठक संपन्न



*** लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश अध्यक्ष डॉ.कैलाश जाटव बैठक में में हुए शामिल।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक कैलाश जाटव भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित जाति समाज के कल्याण, विकास विरासत और सम्मान के लिए अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं साथ ही उन्होंने देश के सर्वहारा समाज के विकास के लिए न केवल योजनाएं बनाई बल्कि उन्हें जमीन में उतारा है, भारतीय जनता पार्टी सरकार ने समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण ओर हितों की चिंता है, यही वजह है कि आज हर वर्ग का नागरिक आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर बन रहा है। श्री जाटव ने कहा की मण्डला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते एक सजग और सरल व्यक्तित्व के धनी हैं, श्री कुलस्ते लोकसभा क्षेत्र के सभी वर्ग के लोगों से निरंतर संवाद व संपर्क करने में सबसे प्रथम पंक्ति के नेता हैं। इसलिए उन्नीस अप्रैल को होने जा रहे इस चुनाव में अनुसूचित जाति वर्ग के सभी कार्यकर्ता नागरिक, मतदाता भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अपना बहुमूल्य वोट देकर देकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार देश में सरकार बनाने में अपना योगदान प्रदान करें।

बैठक में केद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, पूर्व विधायक देवसिंह सिंह सैयाम, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी प्रदेश कार्यालय मंत्री जगन्नाथ बबीसा अनु.जाति मोर्चा मण्डला के जिला अध्यक्ष इंजी. जुगल किशोर बघेल जयदत्त झा नीरज कांड्रा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं कार्यकर्ता उपस्थिति थे।



# टूरिस्ट वाहन में अचानक लगी आग, बाल-बाल बचे पर्यटक

*** कान्हा नेशनल पार्क में सफारी के दौरान हुई घटना।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



बुधवार सुबह जब पर्यटक सफारी के लिए होटल से निकले। टूरिस्ट वाहन में सवार होकर सभी पर्यटक किसली जोन के लिए रवाना हुए। भ्रमण के दौरान पर्यटक कान्हा में जंगल सफारी का आनंद ले रहे थे। इसी दौरान उनका वाहन कान्हा पार्क के मुक्की गेट के पास किसली जोन पहुंचा। यहां आते ही वाहन के बोनट से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते टूरिस्ट वाहन में आग लग गई। वाहन में लगी आग को देखकर वाहन चालक समेत सभी पर्यटकों के होश उड़ गए और तत्काल वाहन से सकुशल बाहर निकले।

बताया गया कि पर्यटको से भरी गाड़ी में आग लग गई। आग वाहन के बोनट से शुरू हुई और तेजी से पूरी गाड़ी में फैल गई। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि गाड़ी जलकर खाक हो गई। गाड़ी में सवार सभी पर्यटक समय रहते गाड़ी से बाहर निकल आये, सभी सुरक्षित बताए गए हैं। घटना की जानकारी लगते ही कान्हा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंच गई। जिन्होंने आग पर काबू पा लिया और आग जंगल में नहीं फैल सकती लेकिन इस घटना से वाहन जलकर पूरी तरह खाक हो गई।

### वाहन में गाइड के साथ थे चार पर्यटक

बताया गया है कि बुधवार सुबह कान्हा के मुक्की जोन के होटल ताज से जंगल सफारी के लिए चार पर्यटक के साथ एक गाइड सफारी के लिए निकले। पार्क भ्रमण के दौरान टूरिस्ट वाहन में सुबह करीब 10 बजे किसली जोन में अचानक आग लग गई। टूरिस्ट वाहन में वाहन चालक और गाइड के साथ चार पर्यटक थे। आग लगने के बाद सभी पर्यटक सुरक्षित बाहर आ गए। सूचना मिलने पर एसडीओ सहित वन अमला भी मौके पर पहुंच गया। पार्क के टैंकरों से आग को जंगल में फैलने से रोका गया।

### पर्यटकों को पहुंचाया होटल

कान्हा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पुनीत गोयल ने बताया कि इस आगजनी की घटना में पर्यटक, वन्यप्राणी और जंगल सहित सभी सुरक्षित हैं। मौके से पर्यटकों को वन अमले ने रेस्ट हाउस पहुंचा दिया। एसडीओ मौके पर हैं। उन्होंने बताया कि गाड़ी में आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी।

# हाई स्कूल माड़ोगढ़ में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला




शासकीय एकीकृत परिसर हाईस्कूल माड़ोगढ़ में सत्र 2023-24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया एवं नया सत्र 2024-25 का प्रवेश उत्सव माँ सरस्वती जी का पूजन अर्चन पश्चात किया गया प्राथमिक और माध्यमिक और हाईस्कूल के बच्चो को विधिवत तिलक लगाकर लड्डू एवं प्रसाद वितरित करने के बाद निःशुल्क गणवेश पाठ्य पुस्तके संस्था प्रभारी अजय कुमार मरावी एवं श्रीमती अर्चना, श्रीमती सोनिया, अमित यादव, श्रीमती कमला, श्रीमती उर्मिला, मनीषा जी एवं अतिथि शिक्षक पंकज सोनी, श्रीमती नम्रता, आस्था जी और कोड़ूलाल सिंगरोर के द्वारा वितरित किया गया । साथ ही संस्था का नाम रोशन करने वाली बिटिया रानी कुमारी चांदनी आर्मो का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय हेतु हुआ है का तिलक लगाकर मिस्ठान खिलाकर समस्त स्टाफ द्वारा चांदनी बिटिया को पारितोषिक वितरित किया गया। बच्चो को आज एमडीएम में पूरी सब्जी समूह द्वारा बनाया गया जिसे बच्चो ने ग्रहण किया।

**महोत्सव** | **नाट्य मंचन,सांस्कृतिक आयोजन, प्रभात फेरी एवं निकलेगी विशाल शोभायात्रा।**

# धूमधाम से मनाया जाएगा चेट्रीचण्ड महोत्सव

*** फूड जंक्शन में होंगे स्वादिष्ट व्यंजन।**

भूमि न्यूज ⏭ मण्डला





सिंधी समाज के इष्ट देव वरुण अवतार भगवान झूलेलाल सांई जी का जन्म दिवस चेट्रीचण्ड महोत्सव के रूप में 10 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा, इसके लिए श्री पूज्य सिंधी पंचायत, सिंधु नवयुवक मंडल, मातृशक्ति संगठन के द्वारा आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है,प्रारंभिक श्रृंखला में 4 अप्रैल को श्री गुरुद्वारा साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब का साप्ताहिक पाठ आरंभ किया जाएगा जिसमें मुखी साहब की उपस्थिति में पंडित वासुदेव शर्मा,भाई साहब हरनाम उदासी द्वारा पूजन अर्चन करके पाठ की शुरुआत की जाएगी।

### गुरु के जयकारे के साथ निकलेगी प्रभात फेरी

सोमवार 8 अप्रैल को प्रातः काल सामाजिक जनों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो कि श्री गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर भगवान झूलेलाल के जयकारों के साथ फेरी बलराम चौक,पड़ाव,दुर्गा मंदिर, चिलमन चौक, बड़ चौराहा होते हुए पुनः श्री गुरुद्वारा साहिब में विराम लेगी,सायंकाल में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जतिन उदासी के द्वारा सिंधु संगीत संध्या की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी जिसमें सामाजिक गीतों एवं भजनों पर सुरमयी प्रस्तुति आयोजित होगी ।

### फुड जंक्शन, सिंधी नाट्य मंचन का होगा विशेष प्रस्तुतिकरण

मंगलवार 9 अप्रैल को सामाजिक जनों के द्वारा सिंधु फुड जंक्शन का आयोजन किया गया है, जिसमें स्वादिष्ट जायकेदार सिंधी व्यंजनों को शामिल किया गया है, इसके लिए सामाजिक जन विशेष तैयारी कर रहे हैं,तत्पश्चात रात्रि में सिंधी नाट्य मंचन मुंहजी शादी करायो का आयोजन होगा जिसमें वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर सामाजिक बच्चों के द्वारा नाटकीय आयोजन में विशेष प्रस्तुतिकरण किया जाएगा, इस नाटक को तैयार करने में राशि पमनानी एवं राजुल सिंहानी का महत्वपूर्ण योगदान है, इसके पश्चात सिंधी नाटक मंचन संत सच्चो सतराम साहिब का प्रस्तुतीकरण होगा जो कि संत सतराम साहिब के जीवन पर आधारित होगा इस नाट्य मंचन को तैयार करने में निकिता पमनानी एवं हीर पमनानी का मार्गदर्शन है।

### वाहन रैली और विशाल शोभायात्रा का होगा आयोजन

10 अप्रैल को सुबह वाहन रैली निकाली जाएगी जो कि मंडला शहर एवम उपनगर महाराजपुर के मुख्य मार्गों से निकलेगी,वाहन रैली में भगवान झूलेलाल के जयघोष करते हुए वृहत आयोजन होगा,वाहन रैली का जगह जगह स्वागत किया जाएगा,इसके पश्चात श्री गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरुग्रंथ साहिब के पाठ का भोग का कार्यक्रम होगा,इसके उपरांत भजन कीर्तन किया जाएगा,तत्पश्चात मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा, इसके उपरांत सामाजिक आम लंगर आयोजित होगा जिसमें सभी जन प्रसादी ग्रहण करेंगे, सायं काल में श्री बहिराणा साहिब जी की पूजा अर्चना होगी और विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें भगवान झूलेलाल जी, संत कंवर राम जी, श्री राम दरबार एवं महापुरुषों की आकर्षक झांकियां से सुसज्जित होकर बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मां नर्मदा के तट पर भगवान झूलेलाल की पल्लव पूजा के साथ संपन्न होगी।

# महिला कांग्रेस मण्डला की बैठक संपन्न



**मण्डला।** दिनांक 03.04.2024, दिन बुधवार को स्वामी सीताराम वार्ड में रेखा महोबिया के द्वारा महिला कांग्रेस की बैठक ली गई इस बैठक में सुमन श्रीवास को नगर कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया बैठक में राजेन्द्र राजपूत, चंद्रमोहन सराफ, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, सुरेन्द्र परिहार, गणेश पटैल, सेवादल के अध्यक्ष जीतराज कछवाहा, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष शकुन जंघला, सीमा गोटिया एवं सोमवती जी आदि उपस्थित रहीं।

## जनपद कांप्लेक्स के हनुमान मंदिर मे चोरी का हुआ पर्दाफाश

*** बिछिया पुलिस ने मन्दिर का ताला तोड़कर चोरी करने वालों को गिरफ्तार।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया



प्रार्थी राजेंद्र साहू पिता शंकर लाल साहू निवासी वार्ड नंबर 7 बिछिया के द्वारा थाना बिछिया पर रिपोर्ट लिखाया गया कि हनुमान मंदिर वेयरहाउस बिछिया के शटर के ताले को तोड़कर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मंदिर के दान पेटी में रखे रुपए को लेकर भाग गया है।

रिपोर्ट पर थाना बिछिया में अपराध क्रमांक 115/24 धारा 457 380 आईपीसी का दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश पताशाजी बिछिया पुलिस द्वारा की गई ,वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर कार्य करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे हुए सीसीटीवी की फुटेजों का अवलोकन किया गया संदेहियों से पूछताछ पताशाजी की गई की की गई मामले में बिछिया पुलिस द्वारा कृष्ण कुमार पिता हीरालाल कुशराम उम्र 23 साल निवासी मुगेला थाना समनापुर जिला डिंडोरी और कमलेश सारथी पिता दुलीचंद सारथी निवासी जयंतीपुर बिछिया को गिरफ्तार किया गया आरोपी के कब्जे से चोरी की चिल्लर रूपए पैसे एवं चोरी करने का सामान जप्त किया गया आरोपियों के पूर्व में भी चोरी की घटना करने पर अपराध दर्ज हैं आरोपियों को गिरफ्तारी के बाद माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल किया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह थाना प्रभारी बिछिया उपनिरीक्षक प्रवीण मालवीय प्रधान आरक्षक जय पांडे आरक्षण अरविंद बर्मन, हेमंत शिवा, महेंद्र रंहगडाले का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### जान जोखिम में डाल लोग कर रहे ट्रेक्टर की सवारी

**नांदनेर।** नियम के विपरीत ट्रैक्टरों की ट्रालियों में सवारियां ढोने का क्षेंत्रों में चलन सा हो गया है। पुलिस की सुस्ती से आश्चर्य है कि ट्रेक्टर मालिकों पर नियंत्रण नही लग पा रहा है जिसके कारण सरेआम ट्रैक्टरों की ट्रालियों पर सवारियां ढोई जा रही है। गौरतलब है कि ट्रैक्टर की ट्रांलियों पर लोग पाव लटका कर और असावधानी से बैठते है जिसकी बजह से दुघर्टनाओं की अशंकाये बढ़ती चली जा रही है। इस परिप्रेक्ष्य में पुलिस प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि ट्रैक्टर ट्रालियों पर सवारियां ढोने पर वह तत्काल प्रतिबंध लगाये।

### डस्टबिन के पास गंदगी फैला रहे मवेशी

**गाडरवारा।** नपा की ओर से जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर में जहां तहां गीला व सूखा कचरा फेंकने के लिए जिस प्रकार से अच्छी सोच के चलते डस्टबिनों को तो रखवा दिया गया है, पर हकीकत यह है कि इन डस्टबिनों के आसपास भी कचरा बिखरा रहने से माहौल के प्रदूषण पर रोक नही लग पा रही है, इस प्रकार से नगर में चहुंओर विचरण करने वाले बिना धनीधोरी के मवेशी इन डस्टबिनों में खाने की चीजों की तलाश में मुंह डालकर या तो उनको उलटदेते है या फिर उनके भीतर का इकत्र हुआ कचरा डस्टबिनों के बाहर बिखरा देते है, जिसके चलते नपा द्वारा नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने की लगातार की जा रही मुहिम पर ग्रहण लगते हुए दिखाई दे रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों के यात्री प्रतीक्षालय शोपीस बनकर रह गए


**सिंहपुर छोटा ।** विगत कुछ वर्ष पूर्व जिस प्रकार से गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में सांसद, विधायक निधि या अन्य मदों से लाखो रूपए खर्च कर क्षेत्र के गांवों में जो यात्री प्रतिक्षालय बनवाये गए थे, उनकी दशा शोचनीय हो गयी है तथा वे सिर्फ शोपीस बनकर रह गए है। जानकार सूत्रो के अनुसार बसो की आने की प्रतीक्षा के दौरान लोग इनका उपयोग न के बराबर करतें है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए ग्रामीणजनों ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण करते वक्त जगह की उपयोगिता का ध्यान नही रखा गया है, इस कारण कोई उनका उपयोग करना पसंद नही करता, ग्रामों के जागरूक लोगों का कहना है कि अनेक गांव ऐसे भी है जिनकी सीमा से बाहर यात्री प्रतिक्षालयों का पूर्व में निर्माण हुआ है। बताया जाता है कि इन प्रतिक्षालयों में दरबाजे तक नहीं है और साफ सफाई के अभव में ये बस यात्रियो के बैठने लायक नही रह गए है, चिन्ता की बात यह है कि कई यात्री प्रतिक्षालय असामाजिक तत्वो के बैठक खानो में बदल कर रह गए है तो कुछ में लोगों ने अपनी दुकाने लगाकर अतिक्रमण कर लिया है, इनके निर्माण का मकसद पूरा नहीं होने से ये यात्री प्रतीक्षालय शासन के धन की होली खेलने की मिसाल पेश कर रहे है।

### साप्ताहिक बाजार में सुविधाघर की मांग

**गोटीटोरिया।** जहां एक ओर देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत का सपना सजाते हुए संपूर्ण देश में स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है, मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि अनेक पंचातयों में सार्वजनिक शौचालय व पेशाब घर नही होने के कारण लोगों को मैदान का उपयोग करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है, कुछ इसी प्रकार से जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत ग्राम गोटीटोरिया में प्रति रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है, जिसमें क्षेत्र के अनेक गांवों के महिला पुरूष आकर अपना जरूरी सामन खरीदते है। वही इस बाजार में जो व्यापारी आते है तो उनसे पंचायत द्वारा बकायदा बाजार शुल्क भी लिया जाता है। मगर इसके बाद इस बाजार में आने वाले लोगों के लिए बुनियादी सुविधाओं का आभाव देखा जा रहा है? जिसके चलते जहां क्षेत्र के लोग परेशान है। वही दूसरी ओर व्यापारी भी परेशान होते देखे जाते है? प्रमुख रूप से देखा जावे तो बाजार में पेशाब घर तक नही होने के कारण महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**जमीन के नामांतरण पर दस हजार मांगने का आरोप, नगर में भ्रष्टाचार विरोधी कार्यवाही से राजस्व विभाग में फैली सनसनी तो अनेक पटवारी हुये भूमिगत..?**

# जबलपुर लोकायुक्त टीम द्वारा गाडरवारा में छापासः पटवारी को चार हजार की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों किया गिरफ्तार





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार का समुद्र इतना गहरा हो चुका है जहां पर बड़ी मछली सदा ही अपने आपकों निष्ठावान बताने का प्रयास करते हुये छोटी मछलियों को निगलने से नही चूकती है..? क्योंकि जब ऊपर बैठे जिम्मेदारों द्वारा हर कार्य को निष्ठ के साथ किया जावे तो निश्चित तौर से उनके अधिनस्थ रहने वाले कर्मचारी दहशत में रहते हुये ईमानदारी से कार्य करने में पीछे नही रह सकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये बुधवार को नगर के मुख्य मार्ग टीव्हीएस शोरूम के सामने उस समय देखने मिली जब जबलपुर से आई हुई लोकायुक्त टीम द्वारा डाले गये छापें के दौरान 4 हजार की रिश्वत लेते हुये समीपस्थ तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र के ग्राम बिल्थारी ईश्वरीपुर हल्का में पदस्थ एक पटवारी को कृषक से 4 हजार की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों पकड़े जाने की सच्चाई को देखते हुये जान पड़ रहा है? जबलपुर लोकायुक्त टीम द्वारा की गई कार्यावाही के संबंध में बताया जाता है कि समीपस्थ तेंदूखेडा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कचारकोना निवासी कृषक देवेन्द्र कुमार पिता स्व. तुलसीराम पटैल उम्र 33 वर्ष से तेंदूखेडा तहसील के ग्राम बिलथारी ईश्वरीपुर हल्का क्रमांक 23 व 16 में पदस्थ पटवारी नंदकुमार पिता रविंद्र सिंह कौरव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कठौतिया गाडरवारा आवेदक देवेन्द्र पटैल निवासी काचरकोना द्वारा खरीदी गई जमीन के नामांतरण किये जाने को लेकर 10 हजार रूपया की मांग की गई थी। इस तरह जब मामला 4 हजार रूपया में निपटाने पर आरोपी पटवारी तैयार हो गया तो और रिश्वत रूपी पैसा देने के लिये बुधवार का दिन तथा स्थान गाडरवारा निर्धारित किया गया। इस बात की शिकायत पीड़ित कृषक देवेन्द्र पटैल द्वारा जबलपुर लोकायुक्त को की गई जिसके चलते लोकायुक्त टीम द्वारा प्रार्थी व आरोपी के बीच 4 हजार रूपया देने के लिये निर्धारित किये गये स्थान गाडरवारा के रेल्वे स्टेशन मार्ग टी व्ही एस शोरूम के सामने जब प्रार्थी कृषक आरोपी पटवारी नंदकुमार को 4 हजार रूपया दे रहा था तो उसी दौरान लोकायुक्त टीम द्वारा छापा मारते हुये पटवारी को 4 हजार रूपया की रिश्वत लेते हुये पकड़ा गया है। कार्यवाही करने के लिये पहुंचे हुये जबलपुर लोकायुक्त टीम के उप पुलिस अधीक्षक दिलीप झारबडे द्वारा अपनी जानकारी में बताया गया है कि तेंदूखेडा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम काचरकोना निवासी देवेन्द्र पिता तुलसीराम पटैल द्वारा हमारे कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि उनके द्वारा जमीन खरीदी गई उसका नामांतरण कराने के नाम पर तेदूखेड़ा तहसील क्षेत्र के हल्का क्रमांक 23 व 16 बिल्थारी ईश्वरीपुर में पदस्थ पटवारी नंदकुमार कौरव राजस्व रिकार्ड में नामांतरण करने के लिये 10 हजार रूपया की मांग की जा रही है जिसके चलते 4 हजार रूपया लेकर नामांतरण करने के लिये तैयार हो गया है। इसी के चलते प्रार्थी द्वारा की गई इस शिकायत के आधार पर हमारे द्वारा प्रार्थी को पावडर लगे हुये रूपया रिश्वत मांगने वाले पटवारी को देने के लिये दिये गये जिसके चलते बुधवार को जब प्रार्थी देवेन्द्र पटैल द्वारा गाडरवारा मुख्य मार्ग टीव्हीएस शोरूम के सामने 4 हजार रूपया पटवारी नंदकुमार कौरव को दिये जा रहे थें जैसे ही पटवारी ने वह रूपया अपने हाथ में लिये तो हमारी लोकायुक्त टीम में शामिल उप पुलिस दिलीप झारबडे, निरीक्षक नरेश बेहरा, निरीक्षक भूपेन्द्र दीवान सहित अन्य चार अधिकारी कर्मचरी जो हमारी टीम में शामिल थें उनके द्वारा रंगे पटवारी को हाथों पकड़कर आरोपी के पास से प्रार्थी द्वारा दिये गये 4 हजार रूपया जप्त करते हुये भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। वही दूसरी ओर इस मामले की शिकायत करने वाले प्रार्थी कृषक देवेन्द्र पिता स्व तुलसीराम पटैल निवासी काचरकोना से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि मेरे द्वारा जमीन खरीदी गई है जिसका नामांतरण कराने के लिये मेरे द्वारा तहसील कार्यालय में आवेदन दिया गया है। उसी के चलते पटवारी हल्का पटवारी नदंकुमार कौरव द्वारा पटवारी प्रतिवेदन व नामांतरण करवाने की एवज में पहले 10 हजार रूपया की मांग की गई थी और फिर 4 हजार रूपया में तैयार होने पर मेरे द्वारा लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में शिकायत किये जाने पर आज यानि की बुधवार 3 अप्रैल को पटवारी नंदकुमार को 4 हजार रूपया देते वक्त लोकायुक्त टीम द्वारा गाडरवारा टीव्हीएस शो रूम के सामने पटवारी को रिश्वत के चार हजार रूपया लेते हुये रंगे हाथों पकड़ लिया गया है। इस तरह जहां जबलपुर से आई हुई लोकायुक्त टीम द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान निश्चित तौर से आरोपी पटवारी पास से प्रार्थी द्वारा दिये गये चार हजार रूपया जप्त करते हुये कार्यवाही की गई है। इस तरह लोकायुक्त टीम द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान कार्यवाहक पटवारी के पास से जप्त की गई राशि पर लोकायुक्त टीम द्वारा भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुये जांच में लिया गया है। वही बताया जाता है कि रिश्वत लेते हुये पकड़े गये आरोपी पटवारी की इसी माह के अंत में शादी का कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा था। मगर हल्दी लगने के पहले ही पटवारी लोकायुक्त टीम के हत्थें चढ़ने से नही बच पाया है। वैसे भी देखा जावे तो यह संपूर्ण मामला समीपस्थ तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र का है। गाडरवारा तो सिर्फ लोकायुक्त टीम द्वारा की कार्यवाही में मात्र घटना स्थल ही बना है। मगर इस तरह नगर में लोकायुक्त टीम द्वारा की गई कार्यवाही के चलते यहां के राजस्व विभाग में हडकंप की स्थिति देखने मिल रही है। वही लक्ष्मी जी का पूजन करते हुये अपनी कलम चलाने के आदी हो चुके राजस्व विभाग से जुडे हुये कर्मचारी व पटवारी भूमिगत होने की जनचर्चाये सुनाई देने से नही चूक रही है।





# कौड़िया चेक पोस्ट पर डेढ़ लाख की राशि तो झिकोली पोस्ट पर एसएसटी टीम ने जप्त किये दो लाख



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस माह के अंतिम सप्ताह में होने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिये प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही करने के साथ साथ संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है तो दूसरी ओर मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी को लेकर लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन- 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रुप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में एसएसटी व एफएसटी टीम द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 120- तेंदूखेड़ा के अंतर्गत ग्राम कौड़िया में बनाये गये एसएसटी चैक पोस्ट पर वाहनों की चैकिंग के दौरान बुधवार 3 अप्रैल 2024 को ग्रेन आइटेन कार क्रमांक एमपी 20 सीई 8583 में राजेश कुमार गुप्ता व चिंतामन गुप्ता निवासी शहपुरा डिण्डौरी से एक लाख 53 हजार 400 रुपये नकद राशि जब्त कर कार्यवाही की गई। इसी प्रकार से विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 121- गाडरवारा के अंतर्गत ग्राम झिकोली में बनाये गये एसएसटी चैक पोस्ट पर वाहनों की चैकिंग के दौरान बुधवार को ही सफेद रंग की हुइंई कंपनी की वेन्यू माडल का वाहन क्रमांक एमपी 38 सीए 4097 में साहब सिंह लोधी निवासी ग्राम बीन्झा पांजरा से एक लाख 94 हजार 900 रुपये नकद राशि जब्त की। जांच के दौरान उनके पास कोई वैध दस्तावेज प्राप्त नहीं मिलने पर जप्ती की कार्यवाही की गई। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान के प्रतिशत में हजाफा को लेकर प्रशासन की टीमों द्वारा लोगों में जागरूकता लाने की सोच के चलते लगातार रंगोली, मेहंदी, दीवार लेखन, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से मतदाता हो रहे जागरूक है। इसी के चलते भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा व 121- गाडरवारा में 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसके तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप दलीप कुमार के मार्गदर्शन में जिले में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से रंगोली, मेहंदी, दीवार लेखन, मानव श्रृंखला, रैली, विभिन्न स्तर की प्रतियोगितायें जैसी विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान महिलायें, छात्र- छात्रायें और अन्य नागरिकों इन गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में जिले की सभी विधानसभाओं में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं द्वारा नैतिक मतदान करने की शपथ ली गई और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चीचली जनपद पंचायत के ग्राम रायपुर में महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली, ग्राम रायपुर में महिला और पुरूष मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई और महिलाओं को गांव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह ग्राम रायपुर में महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर घर- घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वही ग्राम बोहानी में महिलाओं ने मतदान करने और अन्य मतदाताओं को प्रेरित करने की शपथ दिलाईगई। सांईखेड़ा विकासखंड के ग्राम भटेरा में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। ग्राम जमाड़ा, ग्राम तूमड़ा तथा ग्राम गांगई में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मतदान करने की शपथ इसके अलावा मेहंदी के माध्यम से मतदाताओं को प्रेरक संदेश भी दिये। वही दूसरी ओर शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा मानव श्रृंखला, रंगोली, स्लोगन, पोस्टर, मेहंदी आदि प्रतियोगितायें और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया। इसी बूथ क्रमांक 174 सालीचौका, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहेटा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इमलिया, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बारहाबड़ा, शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने मानव श्रृंखला, रंगोली, मेहंदी, रैली, पोस्टर आदि के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## पुलिस ने अलग अलग स्थानों से जप्त की भारी मात्रा में अवैध शराब

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** चुनावों को ध्यान में रखते हुये गाडरवारा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुये देखा जा रहा है। मुख्य रूप से मादक पदार्थो के अवैध कारोबार में लिप्त रहने वाले लोगों के साथ साथ अवैध हथियार व शराब का अवैध कारोबार करने वाले लोग पुलिस की गिरप्त में आते हुये देखे जा रहे है। मगर पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही पर भी सबाल खड़े होने से उस समय नही चूक पाते है जब पुलिस द्वारा भारी मात्रा में सामग्री तो जप्त की जाती है और खुलासा के दौरान कुछ अन सुलझे सबाल छोड़ दिये जाते है?कुछ इसी प्रकार से बताया जाता है कि बीते हुये दिनों पुलिस द्वारा समीपस्थ ग्राम कौड़िया सहित सालीचौका पुलिस चौकी क्षेत्र में भारी मात्रा में शराब जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। मगर इस कार्यवाही के खुलासा के दौरान किसी वाहन का उल्लेख न होने के कारण लोगों के बीच सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा है कि आखिरकार पकड़े गये आरोपी इतनी अधिक मात्रा में शराब अपने सिर पर लेकर पहुंचे थें..? खैर सच्चाई जो भी हो उसे भगवान व पुलिस ही जाने।




बताया जाता है कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं आदर्श आचार संहिता के नियमानुसार पालन हेतु अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संधारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने हेतु थाना व प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही कर पूर्णतः प्रतिबंधित किए जाने सख्त निर्देश दिये गये हैं । इसी तारतम्य में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी गाडरवारा उमेश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अलग अलग जगहों से भारी मात्रा में शराब पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। पुलिस द्वासरा की गई कार्यवाही के संबंध में खुलासा करते हुये बताया है कि मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि समीपस्थ ग्राम कौडिया के पास रोड के किनारे एक व्यक्ति अत्याधिक मात्रा में अवैध शराब विक्रय करने के उद्देश्य से ग्राहकों का इंतजार कर रहा है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश देकर घेराबंदी कर बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब रखे संदेही को गिरफ्त में लिया । जिसने अपना नाम विकास उर्फ विक्की पिता श्रीराम श्रीवास्तव उम्र 36 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड गाडरवारा बताया गया। जिसके चलते इस आरोपी के पास से पुलिस ने कुल 6 कार्टून में रखी 300 पाव अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 39 हजार जप्त करते हुये मौके पर आरोपी विकास उर्फ विक्की पिता श्रीराम श्रीवास्तव उम्र 36 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड गाडरवारा थाना गाडरवारा को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। वही पुलिस का कहना है कि इस आरोपी विकास उर्फ विक्की पिता श्रीराम श्रीवास्तव उम्र 36 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड गाडरवारा कुख्यात अपराधी है जिसके विरूद्ध थाना गाडरवारा में आमजनों के साथ गंदी गालियाँ देकर मारपीट करने,भारी मात्रा में अवैध शराब रखे मिलने,अवैध धारदार हथियार रखे मिलने एवं अवैध मादक पदार्थ रखने व सेवन करते मिलने के 08 अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है। इस तरह विकास नामक व्यक्ति के पास से पकड़ी गई शराब की सफलता में उप निरीक्षक विजय पाल सिंह, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी,वरिष्ठ आरक्षक चेतन, आरक्षक कमलेश सहित उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे,प्रधान आरक्षक हरभजन सिंह आरसे, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, आरक्षक बालकिशन रघुवंशी, कृष्णमुरारी गौर शामिल थें। इसी प्रकार से सालीचौका पुलिस चौकी क्षेत्र में पकड़ी गई शराब को लेकर पुलिस का कहना है कि मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि रेशम केन्द्र के पास गाडरवारा-पिपरिया स्टेट हाईवे पर एक व्यक्ति अत्याधिक मात्रा में अवैध शराब विक्रय करने के उद्देश्य से ग्राहकों का इंतजार कर रहा है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश देकर घेराबंदी कर बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब रखे संदेही को गिरफ्त में लिया गया तथा पुलिस द्वारा पूछताछ की गई तो पकड़े गये आरोपी द्वारा अपना नाम अरूण पिता बुद्धा उर्फ राजाराम कुचबंदिया उम्र 24 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड गाडरवारा बताया गया। वही अरूण के पास से पुलिस द्वारा कुल 6 कार्टून में रखी हुई 300 पाव अंग्रेजी शराब जप्त की गई जिसकी भी अनुमानित तोर से कीमत 39 हजार रूपया बताई जा रही है। इस तरह इस आरोपी के खिलाफ भी पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया । वही बताया जाता है कि आरोपी अरूण पिता बुद्धा उर्फ राजाराम कुचबंदिया उम्र 24 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड गाडरवारा को पुलिस द्वारा वर्ष 2021 में भी भारी मात्रा में अवैध शराब रखे गिरफ्तार किया था । तत्समय आरोपी के कब्जे से अवैध 65 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की जाकर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था ।

# जर्जर होते हुये चली जा रही पुलिया की ओर नहीं दिया जा रहा ध्यान

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** अक्सर देखा जाता है कि जब किसी क्षेत्र में अच्छी सड़क की स्वीकृति प्रदान करते हुये सड़क निर्माण के लिये शासन द्वारा करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है तो उस क्षेत्र के लोग खुशी के मारे फूल नही समाते है। मगर शासन करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुये बनाई जाने वाली सड़को का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा जिस प्रकार से सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता अपनाई जाती है उस समय किसी भी जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखने मिलता है कि वह सड़क निश्चित ही चंद दिनों में ही अपनी गुणवत्ता की कहानी खुद ही बताने से नही चूकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय गाडरवारा से उदयपुरा होते हुये प्रदेश की राजधानी जाने वाले स्टैट हाईबे स्तर के मार्ग पर भी आसानी से देखने मिल रही है, क्योंकि बीते हुये कुछ वर्ष पहले जब ग्राम पिठहरा से उदयपुरा की ओर जाने वाले इस मार्ग पर झिकोली के पास नर्मदा नदी में पुल का निर्माण हो जाने के कारण इस मार्ग की उपयोगिता अपने आप ही बढ़ गई थी, इसी के चलते इस मार्ग को प्रदेश स्तर के मार्ग में शामिल करते हुये शासन द्वारा करोड़ो रूपया की राशि खर्च करते हुये इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया था, मगर इस मार्ग का निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा सड़क निर्माण के दौरान वर्षो पुरानी पुलिया को पुनः निर्माण करने की जगह उसी पुलिया के ऊपर से सड़क का निर्माण करने में कोई कसर छोड़ी गई थी, इस सच्चाई को लेकर लगातार उस समय आवाज उठाये जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों से लेकर जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि गाडरवारा सांईखेड़ा के बीच ग्राम पिठहरा के समीप हेदर शुगर मिल के पास वाली यह पुलिया लगातार जर्जर स्थिति में पहुंचते हुये दिखाई दे रहे है, इस संबंध में कुछ समाज सेवियों द्वारा बीते हुये दिसम्बर माह 18 में जिला कलेक्टर को एक आवेदन देते हुये इस ओर ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास भी किया गया था, मगर इसके बाद भी लगातार खस्ता हाल स्थिति में पहुंचते हुये दिखाई दे रही इस पुलिया की ओर ध्यान नही दिया गया जिसके चलते निश्चित ही किसी दिन यह पुलिया क्षेत्र के एक बड़ी घटना का कारण बनने से नही चूक पायेगी? क्योंकि यह मार्ग प्रदेश स्तर का होने के कारण यहां से प्रतिदिन सैकड़ो भारी वाहनों की धमाचौकड़ी मची रहना आम बात हो चुकी है।

# प्रशासन की अनदेखी के चलते नगर के स्टेशन मार्ग पर लगातार फैल रहा है शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का जाल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** यदि किसी बीमारी को फैलने के पहले ही उसका इलाज कर दिया जावे तो उस बीमारी को जानलेवा होने से रोका जा सकता है, मगर बीमारी की अनदेखी किये जाने का परिणाम होता है कि वह बाद में इस प्रकार का रूप धारण कर लेती है कि फिर उसे भगापाना मुश्किल हो जाता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर की शासकीय भूमि पर लगातार हो रही अतिक्रमण रूपी बीमारी को देखते हुये जान पड़ रहा है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि समय समय पर प्रशासन के अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जाती है जिसमें प्रशासन का काफी हद तक पैसा बर्बाद होता है और प्रशासनिक अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने पर राजनैतिक नेताओं के कोप का शिकार भी होना पड़ता है? मगर वही अधिकारी शासकीय भूमि पर होने वाले अतिक्रमण के शुरूआती तौर से जिस तरह से चुप्पी साध लेते है उसके चलते अतिक्रमणकारियों को सह मिलने से उनके हौसले बुलंद हो जाते है और शासकीय भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ जाती है? कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के रेल्वे स्टेशन की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग यानि की बीटीआई स्कूल के समीप पावर हाऊस के पास खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर लगातार हो रहे अतिक्रमण को देखते हुये जान पड़ रहा है? यहां पर लगातार हो रहे अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो यह बात झूठ नही होगी कि जिम्मेदार अधिकारियों की नाक के नीचे खुलेआम शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का जाल बिछ रहा है और वह अपनी आंखे बंद किये हुये है? क्योंकि जिस जगह इस समय शासकीय भूमि अतिक्रमण के भेंट चढ़ाते हुये देखी जा रही है वह नगर के तहसील कार्यालय से चंद कदम दूरी पर है तो उसके पास से राजस्व विभाग के अनेक जिम्मेदार अधिकारियों के निवास स्थल होने के साथ साथ ठीक उसके पीछे विद्युत कार्यालय स्थित होने के साथ साथ इसी मार्ग से अनेक जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर नेताओं का आना जाना लगा रहता है, मगर इसके बाद भी खुलेआम हो रहे अतिक्रमण की सच्चाई को अधिकारियों से लेकर नगर पालिका प्रशासन द्वारा भी जिस तरह से नजर अंदाज करते हुये देखा जा रहा है उससे यह अनुमान लगने से नही चूक पा रहा है कि शायद शासकीय भूमि पर कब्जा जमाने के लिये अधिकारियों द्वारा इन अतिक्रमणकारियों के लिये अपनी मौन स्वीकृति प्रदान कर दी गई हो? बताया जाता है कि बीते हुये कुछ दिनों से नगर के बीटीआई स्कूल से लेकर पावर हाऊस के सामने मुख्य मार्ग के किनारे खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा लगातार अपना कब्जा जमाते हुये टपरों की लम्बी लाईन लगा दी गई है और यह क्रम लगातार जारी होने के कारण यहां पर नये नये टपरे स्थापित होते चले जा रहे है। मगर इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से कोई ध्यान देना उचित नही समझा जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने 27 वाहन चालकों पर की चालानी कार्यवाही

**अनूपपुर।** माननीय सुप्रीम कोर्ट कमिटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा देश में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु व घायलों की संख्या में 50% कमी ले जाने के निर्देश एवं रपुलिस परिवहन शोध संस्थानरु पीटीआरआई पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश के पालन में पुलिस अधीक्षक जिला अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के निर्देशन में यातायात प्रभारी निरीक्षक ज्योति दुबे द्वारा 1 अप्रैल को अनूपपुर के अमरकंटक तिराहा में सघन वाहन चेकिंग लगाकर वाहनों की चेकिंग की गई, इस दौरान 27 वाहन चालकों के विरुद्ध निम्न हेडों पर रबिना हेलमेट धारण किये वाहन चलाने पर, बिना सीट बेल्ट धारण किए वाहन चलाने पर, नंबर प्लेट विधिवत नहीं होना एवं ब्लैक फिल्म के प्रयोग परर कार्यवाही करते हुए 9500 का समन शुल्क वसूला गया। इस दौरान 2 वाहन चालकों पर शराब पीकर वाहन चलाने पर कार्यवाही करते हुए मौके पर ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से जांच कर वाहन को जप्त कर चालान न्यायालय में पेश किया गया, उक्त कार्यवाही के दौरान थाना यातायात का अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### हमारे उत्सव, रीति, नीति, परंपरा ही सामाजिक ढांचा है- जिला संघ चालक

**अनूपपुर।** हमारे उत्सव, रीति, नीति, परंपरा ही सामाजिक ढांचा है अगर यह मिट गया तो संस्कृति नष्ट हो जाती है। जिला संघ चालक राजेंद्र तिवारी ने सभी स्वयं सेवकों से यह बात कही रोम, मिश्र, मेसोपोटामिया की सभ्यताएं इसीलिए मिट गईं क्योंकि उन्होंने रीति, नीति, परंपरा को कायम नहीं रखा, यह बात मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पर मिलन कार्यक्रम के समय विभाग प्रचारक कमल ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि होली सामाजिक समरसता का पर्व है। देखने में आ रहा है कि कुछ लोग इस पर्व की रीति नीति के विपरीत कार्य कर रहे हैं। श्रीराम ने जब 14 वर्ष के वनवास काल में कोल, भील, किरात, निषाद को अपनाया तब वह भगवान बने। अगर वह ऐसा न करते तो केवल राजा राम ही कहे जाते। हमें भी यही करना चाहिए। पर्व परंपराएं केवल कर्मकांड बनकर न रह जाएं इसका ध्यान रखते हुए पर्व मनाना चाहिए नहीं तो वही तीन रीति, नीति, परंपराएं मिट जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। ताराडांड की फगुआ मंडली ने फगुआ गाकर कार्यक्रम में रंग और उत्साह भर दिया फूलों के रंग एवं गुलाल से एक दूसरे को तिलक लगाकर आत्मीयता के भाव से मिलकर होली की शुभकामनाएं दी गई। सभी स्वयं सेवकों ने उत्साह पूर्वक होली मिलन कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी सायं 4 बजे रात्रि 8 बजे तक कार्यक्रम संघ कार्यालय में आयोजित हुआ। इस मौके पर शहडोल विभाग के विभाग प्रचारक कमल सिंह राठौर जिला संघचालक राजेंद्र तिवारी, मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल, नगर कार्यवाहक दिलीप शर्मा, नगर संघचालक संतोष, जिला प्रचारक नितेश, जिला प्रचार प्रमुख आदर्श दुबे, जिला सेवा प्रमुख विवेक बियानी, जिला व्यवस्था प्रमुख हरिशंकर वर्मा मुख्य मार्ग प्रमुख दिलीप शर्मा, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राज किशोर तिवारी, प्रांत प्रमुख देवेंद्र तिवारी, भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी, एड अरुण सिंह, प्रेम चंद्र यादव, सेवानिवृत कार्यपालन यंत्री बैद्यनाथ दुबे, अजय पांडेय, एड देवेंद्र मिश्रा, पुष्पेंद्र मिश्रा, अरविंद मिश्रा, मनोज मिश्रा, जय प्रकाश अग्रवाल, वेद शर्मा, आशु सिंह, प्रियम शुक्ला, हनुमान गर्ग, युवा मोर्चा रवि राठौर, विजय राठौर, सुनील गौतम, राम किशोर गौतम, प्रियम शुक्ला, नितिन शिरोठिया, दिनेश तिवारी, पंकज मिश्रा, हरिओम ताम्रकार सहित सैकड़ों स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### 4 माह से वेतन को तरस रहे नगर पालिका के नियमित कर्मचारी

**अनूपपुर।** नगर के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले अनूपपुर नगर पालिका परिषद के कर्मचारी को चार माह से वेतन नहीं मिलने से उनके सामने तमाम तरह की परेशानियां आड़े आ रही है। पता चला है कि आयुक्त संचनालय नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल को इस आशय की जानकारी दी गई है। जिसमें बताया गया है कि निकाय में पदस्थ नियमित कर्मचारियों का विगत 4 माह (माह नवम्बर 2023 से माह फरवरी 2024 तक) भुगतान नही किया गया है।

# सड़क मार्ग जाम करने पर 6 आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज

मेंहदवानी

आदर्श आचार संहिता लागू रहते पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम करना पड़ा मंहगा मेंहदवानी पुलिस ने एफएसटी की शिकायत पर 1 महिला सहित 6 ग्रामीणों के विरुद्ध अपराध की धारा 341,186,188,34 ताहि का पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

**इनके विरुद्ध मामला दर्ज-**

जानकारी के अनुसार सारसडोली के आमाटोला में दोनों ओर रस्सी बांधकर तथा पानी के खाली डिब्बे रखकर सड़क मार्ग अवरूद्ध करने पर बलराम पिता शम्भू साहू, छिद्दी पिता रतिया साहू, बसंती पति छिद्दी साहू, गुल्ला पिता रतिया साहू, सागर पिता गुल्ला साहू एवं जगन्नाथ पिता नन्हे लाल साहू के विरुद्ध पुलिस थाना मेंहदवानी में मामला दर्ज किया गया है।

**क्या है मामला-**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी डिंडौरी के पत्र क्रमांक लोसनि 24ध्व्यय अनुवीक्षणध्1372ध्डिंडौरी दिनांक 5 मार्च 2024 के आदेश पर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 मेंहदवानी थाना क्षेत्र के लिए फ्लाईंग स्क्वाड 103 शहपुरा में प्रभारी महेश उईके,राजस्व निरीक्षक पुरषोत्तम चैहान, पुलिस उप निरीक्षक रम्मा लाल मांझी सहित सभी टीम के साथ बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे क्षेत्र भ्रमण में डिंडौरी मार्ग में स्थित ग्राम कुकर्रा जा रहे थे परन्तु ग्राम सारसडोली आमाटोला में ग्रामीणों द्वारा सड़क के दोनों ओर रस्सी बांधकर तथा पानी के खाली डिब्बे रखकर सड़क मार्ग अवरूद्ध कर दिया गया था जिसके चलते आवागमन रूक गया था जिससे एफएसटी वाहन तथा मंडला जा रही विकास ट्रेवल्स सहित अन्य वाहन फंसे हुए थे। टीम प्रभारी द्वारा आचार संहिता उलंघन का हवाला देकर सड़क मार्ग चालू करने की समझाइश दी गई परन्तु ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। इसकी




जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी को दी गई तब वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर आचार संहिता लागू रहते सड़क मार्ग अवरूद्ध करने पर एफआईआर दर्ज कराया गया।

**इनका कहना है...............**

बुधवार की सुबह ग्राम सारसडोली के ग्रामीणों द्वारा सड़क मार्ग अवरूद्ध कर दिया गया था। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचकर लोगों को आचार संहिता उलंघन के संबंध में जानकारी दी गई परन्तु ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए तब वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर एफएसटी के द्वारा ग्रामीणों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई।

**-सुखमन सिंह कुलेश, नायब तहसीलदार मेंहदवानी**

आदर्श आचार संहिता लागू रहते सड़क मार्ग अवरूद्ध करने पर लोकसभा निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न होने पर फ्लाईंग स्क्वाड टीम के द्वारा 6 ग्रामीणों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

**-प्रभु दास मोंगरे, थाना प्रभारी मेंहदवानी**

# शहपुरा अस्पताल में डॉक्टर में हुई मारपीट

## सोशल मीडिया पर वीडियो हो रहा वायरल,थाना में हुई शिकायत

शहपुरा

डिण्डौरी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शहपुरा के सीबीएमओ डॉ सत्येंद्र परस्ते और डॉक्टर अशोक सिंह गौर ने थाना शहपुरा पहुंच लिखित शिकायत कर एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है।दोनो पक्षों से मारपीट की शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर उसी आधार पर आगे कार्यवाही की बात कह रही है। जानकारी अनुसार सीबीएमओ डॉ परस्ते द्वारा की गई लिखित शिकायत में बताया गया है कि डॉ अशोक सिंह गौर ओपीडी मे बैठे थे उसी दौरान मैं एक सरकारी कागज उन्हें देने पहुंचा था परन्तु उसी दरमियान डॉ अशोक सिंह गौर द्वारा मुझे गाली गलौच देने सहित मारपीट की गई। वहीं डॉ अशोक सिंह गौर द्वारा की गई लिखित शिकायत में बताया गया है कि जब वे ओपीडी में मरीज देख रहे थे




उसी दौरान सीबीएमओ डॉक्टर सत्येंद्र परस्ते उनके पास आये और उनके साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौच करने लगे। डॉ गौर का कहना है कि सीबीएमओ उनकी 6-7 महीने से सैलरी भी नहीं निकाल रहे हैं। **अस्पताल में डॉक्टरों के बीच हुए लड़ाई झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।**

**इनका कहना है....**

डॉक्टर अशोक गौर के द्वारा आए दिन गाली गलौज किया जाता है जिला अस्पताल से उसके लिए एक कागज आया था और उसके पास जब मैं ओपीडी में कागज देने गया तो उसके द्वारा यह बोला गया कि कागज नही लेना है, करके गाली गलौज करने लगा और मैंने बोला कि शांत रहो और इसी के दौरान वह कुर्सी लेकर मेरे पीछे दौड़ने लगा। इसी को लेकर मैं शहपुरा थाना पहुंचा और डॉक्टर अशोक गौर के खिलाफ लिखित शिकायत दिया।

**-डॉ सत्येंद्र परस्ते**

**बीएमओ शहपुरा**

डॉ सत्येंद्र परस्ते के द्वारा लगातार मेरे को मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा है और मेरा 5 से 6 माह का वेतन रोक दिया गया है जब मैं ओपीडी में पेशेंट देख रहा था मैं ऑन ड्यूटी में था इसी दौरान डॉक्टर सत्येंद्र परस्ते अंदर आया और मुझे मां बहन की गाली देने लगा और जान से मारने की धमकी भी दिया इसी को लेकर मैं थाने शहपुरा में लिखित शिकायत भी दिया हूं।

**-डॉ अशोक गौर शहपुरा**


शहपुरा थाना में दोनों एक दूसरे की लिखित शिकायत लेकर मेरे पास पहुंचे हमने दोनों पक्ष से आवेदन ले लिया है मौके में पहुंचकर जांच करेंगे जो दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

**-शिवलाल मरकाम थाना प्रभारी शहपुरा**

## स्थानीय समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मिले ग्रामीण

# मतदान बहिष्कार की दी चेतावनी




ग्राम लालपुर के अध्ययन छात्र छात्राएं कक्षा 1 से 5 एक कमरा में एकत्र बैठ कर शिक्षा अध्ययन ... है जिससे नौनिहालों के भविष्य में अंधकार की ओर जा रहा है साथ ही ग्रामवासियों के पास पर्याप्त ... होने के बाद भी नहर टूटी फूटी होने के कारण चौरा जलाशय से सिंचाई हेतु खेतों में पानी ... एवं ग्राम रयपुरा, लालपुर, देवगांव, पहरुवा, पायली घुघरी, डोमदादर, सरस्वाही ग्रामों में ... वाहन प्रतिदिन संचालित हो रही है जिससे ग्राम लालपुर में टेढ़ी मेढ़ी रपटा बने होने ...

... ग्रामवासियों/मतदाताओं की ओर से इस लोकसभा चुनाव दिनांक 19 अप्रैल ... रूप से बहिष्कार किये जाने का निवेदन स्वीकार करने की कृपा करें।

... महोदय जिला डिण्डौरी।
... अधिकारी (रा0) महोदय शहपुरा, जिला डिण्डौरी।

**शहपुरा जनपद क्षेत्र ग्राम पंचायत रयपुरा का है मामला**

**शहपुरा।** डिंडोरी जिले के शहपुरा जनपद क्षेत्र ग्राम पंचायत रयपुरा के पोषक ग्राम लालपुर गांव के ग्रामीण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा से मिले और गांव की समस्या से अवगत करते हुए समस्या का निराकरण नही होने पर आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने की बात कही है।

ग्रामीणों ने बताया ग्राम पंचायत रैपुरा के पोषक ग्राम लालपुर में वर्षो से स्कूल भवन की मांग करने के बाद आज भी गांव के बच्चों को खंडहर नुमा शासकीय स्कूल भवन में जाना पड़ता है, ग्रामीणों को गांव में सड़क और नाले में पुलिया नही होने से बारिश के दिनों के साथ ही अन्य दिनों में भी आवागमन में भारी परेशानी का सामान करना पड़ता है, ग्रामीणों के अनुसार गांव की कृषि भूमि को सिंचित भूमि बताकर शासन अधिक राजस्व वसूली कर रहा है जबकि जिस जलाशय की नहर पानी सिंचाई की बात राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है वह जलाशय वर्षो से बंद कर दिया गया है।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने ग्रामीणों की समस्या को प्रशासनिक टीम भेजकर जांच करने और चुनाव की आदर्श आचार संहिता के बाद समस्या के निराकरण की बात कही है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

**अमरपुर।** विकासखंड मुख्यालय स्थित एमएसजी एकेडमी विद्यालय अमरपुर के कक्षा 5 वीं के छात्र समर टेंभुर्ने पिता आंनद टेंभुर्ने माता श्रीमती मनिषा टेंभुर्ने का जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव में 2024-25 में कक्षा 6 वीं के लिए चयन हुआ हैं। छात्र के पिताजी जनपद पंचायत कार्यालय अमरपुर में सहायक मानचित्रकार के पद पर पदस्थ हैं, वहीं माताजी गृहणी हैं। ज्ञात होवे कि इसी विद्यालय से इनके बड़े बेटे यश टेंभुर्ने का भी विगत वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव में चयन हुआ था। समर ने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया हैं। छात्र के इस सफलता पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, परिजन, इष्टमित्रों एवं शुभचिंतकों द्वारा छात्र के उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।



# नर्मदांचल विद्यापीठ बरगांव की दो छात्राओं का नवोदय विद्यालय की प्रतियोगी प्रवेश परीक्षा में हुआ चयन

**शहपुरा।** जनजाति कल्याण केंद्र महाकौशल बरगांव स्थित नर्मदांचल विद्यापीठ के कक्षा आठवीं में अध्यनरत छात्रा प्रिया साहू पिता विजय साहू ग्राम करौंदी एवं ऊर्जा अग्रवाल पिता विकास अग्रवाल ग्राम बरगांव का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। नर्मदांचल विद्यापीठ बरगांव के प्राचार्य राम अभिषेक तिवारी ने बताया कि विद्यालय के बच्चों का निरंतर प्रतियोगी परीक्षाओं में उनके हुनर के अनुसार बच्चों को शिक्षकों का मार्गदर्शन का कार्य निरंतर जारी है। बच्चों के चयन में उनके माता-पिता ने भी विद्यालय परिवार का आभार जताया है और विद्यालय में अध्यनरत बच्चों को भी शुभकामनाएं दी हैं। बच्चों को इस सफलता पर जनजाति कल्याण केंद्र के अध्यक्ष एमएल साहू, ब्रिगेडियर एपी सिंह, जाम सिंह, राघवेंद्र, सतीश चैबे, धर्म सिंह मरावी, विद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर एमएल साहू, ज्ञानेंद्र सिंह , मुकेश तिवारी, सिद्धार्थ गौतम, अश्वनी साहू, डॉ बाजपेई, दीपक द्विवेदी, अनुज पाटकर, विद्यालय परिवार से अभिषेक तिवारी, क्रांति अग्रवाल, शीतलाम पटेल, तृप्ति चंदेल, पूनम, मीनाक्षी, भावना, रीति, पूजा, लता, हर्ष, दुर्गेश, विवेकानंद, हिमांशु, आयुष, सचिन,





कमलेश सहित विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्वीप प्लान के तहत नवरात्रि में आयोजित होंगे नौ- दिन, नौ-दान विविध कार्यक्रम

**डिंडौरी।** लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान लक्ष्य प्राप्ति के लिए स्वीप गतिविधियों को प्रचारित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया।



आयोजित प्रेसवार्ता में कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप प्लान के तहत नौ-दिन, नौ-दान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, एनयूएलएम, आयुष, नगर परिषद तथा समस्त विभागों के द्वारा नवरात्र के नौ दिनों तक अलग-अलग दान कार्यक्रम का आयोजन होगा। पहले दिन गौ आहार दान, दूसरे दिन रक्त दान, तीसरे दिन विद्यादान, चैथे दिन समयदान, पांचवे दिन अन्नदान, छठवें दिन श्रमदान, सातवें दिन आनंद दान, आंठवे दिन दवादान और नौंवे दिन दीपदान व महाआरती के साथ उक्त कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। उन्होंने मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्र का पर्व भक्ति भावपूर्ण और हर्षोउल्लास का पर्व है। इस पर्व के साथ हमें लोकतंत्र का पर्व सामूहिक रूप से मनाना है, इसलिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विकास मिश्रा ने सभी जिलेवासियों से नौ दिन नौ दान कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेकर मत प्रतिशत बढ़ाने की अपील की है।

# ईद हैम्पर के संग आओ मनाएं मतदान पर्व

**डिंडौरी।** जिले में 85 प्रतिशत मतदान लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वीप प्लान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता का आयोजन किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए ईद के पर्व पर ईद हैंपर की पहल की है।

कलेक्टर ने मतदाता केनद्रित अप्रोज पर कार्य करने हेतु ईद हैंपर पर जोर दिया है। कलेक्टर ने बताया कि सामाजिक पर्व मतदाता जागरूकता बढ़ाने का उचित माध्यम होते है, इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ने ईद के अवसर पर ईद हेम्पर तैयार किया है। जिसमें ईद से संबंधित उपहार जैसे सेंवैया, खजूर, लड्डू आदि आवश्यक सामग्री शामिल हैं।




आंनदम दीदी कैफे से ईद हैम्पर की प्राप्ति की जा सकेगी। ईद पर सभी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ईद हैम्पर के माध्यम से ''सारे काम छोड दो, सबसे पहले वोट दो का संदेश दिया जा रहा है।

## मतदान करें और आकर्षक छूट का लाभ उठायें

**डिंडोरी।** जिले में स्वीप गतिविधि के तहत विशेष पहल के रूप में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल 2024 को मतदान करने पर डिंडोरी मुख्यालय में स्थित मंगलम होम एप्लाईसेंस के द्वारा मतदाता ग्राहकों को आकर्षक छूट दी जा रही है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि मतदान करने के पश्चात स्याही लगी ऊँगली दिखाने पर मंगलम होम एप्लाईसेंस द्वारा दो साड़ी की खरीदी पर उसी कीमत पर 1 साड़ी फ्री, दो जोड़ी शर्ट-पेंट कपड़े की खरीदी पर उसी कीमत पर 1 जोड़ी शर्ट-पेंट कपड़ा फ्री दी जाएगी।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी

डिंडोरी। लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन ड्यूटी में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित रहे है, जिन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया है,जिसका जवाब दो दिन के अंदर संतोषजनक जवाब प्राप्त ना होने पर इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी

**कारण बताओ नोटिस-**

वन क्षेत्रपाल मयंक कुमार पंदय, शिक्षक कलुवा सिंह मरावी, शिक्षक फुल सिंह सैयाम, उपयंत्री फिरोज खान को उप निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर सरोधन सिंह ने जारी किये।

# अवैध शराब के 3 प्रकरण कायम

डिंडौरी

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रखते हूये जिला डिंडौरी मे अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु जिला कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में दिनांक 02 अप्रैल 2024 को आबकारी विभाग द्वारा जिले मे ग्राम आमाटोला, खमरिया व चैबीसा माल मे दबिश कर कार्यवाही किया गया। तलाशी के दौरान अवैध शराब लगभग 3 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त की गई व 13.5 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन, 1.30 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बियर जप्त किया गया व 4.500 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जीनियस व्हिस्की जप्त किया गया शराब की अनुमानित कीमत 6750/- रुपये है। उपरोकतानुसार 'मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) ष्कष् के तहत 03 प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झारिया, रामभरोस ठाकुर, करिशमा सलामे व नगर



सैनिक तोक सिंह मरावी एवं अशोक सैयाम उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर व एसपी ने किया मतदान केन्द्रों व चैक पोस्ट का निरीक्षण



**नरसिंहपुर ।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बुधवार को नरसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के करेली के मतदान केन्द्र बारहाछोटा एवं बम्हनी का निरीक्षण किया। यहां मौजूद तहसीलदार निर्मल पटले से उक्त मतदान केन्द्र के मतदाताओं की जानकारी ली। साथ ही विगत चुनाव के दौरान यहां हुई हिंसक घटनाओं की भी जानकारी ली। मतदान केन्द्र क्रमांक 238 बारहाछोटा में कुल 1306 मतदाता हैं, जिनमें पुरूष 694 तथा महिला 612 हैं। बीएलओ द्वारा बताया गया कि विगत विधानसभा निर्वाचन में यहां मतदान प्रतिशत 92 था। कलेक्टर श्रीमती पटले ने यहां मौजूद ग्रामीण मतदाताओं को इस चुनाव में भी बढ़चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी अधिकारियों को दे। अवैध शराब, बहुमूल्य धातुओं, मादक पदार्थ आदि वितरित करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। किसी भी स्थिति में आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो।

### मतदान दलों के प्रशिक्षण में पहुंची कलेक्टर



**नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के तहत बुधवार को मतदान दल अधिकारियों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में पहुंचकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि यहां दी जा रही ट्रेनिंग आपके मतदान दिवस के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। मतदान दिवस पर की जाने वाली कार्यवाहियां जैसे मॉकपोल, मॉकपोल के बाद मतदान, पीठासीन की डायरी, मतपत्र लेखा सहित अन्य प्रपत्रों को सही- सही भरना आदि से आपको यहां अवगत कराया जा रहा है। इन मुख्य बिंदुओं को अपनी डायरी में तैयार कर लें। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त दिशा- निदेर्शों का भलीभांति पालन करें। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर वंदना जाट, डाकमत पत्र नोडल अधिकारी महेन्द्र पटैल, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ. चंद्रशेखर राजहंस, मनीष अग्रवाल, उमेश दुबे, राजेश ठाकुर, मुकेश दुबे भी मौजूद थे।

### कलेक्टर ने किया एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण




**नरसिंहपुर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के तहत निःशुल्क उड़ान कोचिंग में बनाये गये एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण बुधवार को किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक, सोशल एवं प्रिंट मीडिया की मॉनिटरिंग के लिए नियुक्त दल द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। सहायक संचालक जनसंपर्क राहुल वासनिक ने बताया कि अभ्यर्थियों के सोशल मीडिया एकाउंट पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा दैनिक समाचार पत्रों में पेड न्यूज की मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

### दर्शन सिंह आज भरेंगे नामांकन

**नरसिंहपुर ।** भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम लोकसभा प्रत्याशी चैधरी दर्शन सिंह आज अपना नामांकन प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिह चैहान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं गणमान्य जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति में दाखिल करेंगें।

## दहलान में सोते रहे परिवार के लोग, चोरों ने तिजोरी की खाली

# लाखों के गहनों सहित नकदी ले उड़े चोर

बीती रात चोरो ने धाबा बोला और नगदी सहित गहने ले उड़े। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी ।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।





ज्ञात हो कि चुनाव की तैयारियों में एक ओर जहां प्रशासनिक अधिकारी सहित खाकी व्यस्त है वही शातिर चोरों की इस व्यस्तता के चलते चांदी हो गई है और वे चोरियों की वारदात को अंजाम देने में जुट गए है। कुछ ऐसा ही मामला बुधवार को नगर के समीपवर्ती स्थानीय जनपद पंचायत के अंतर्गत महज 6 किलोमीटर दूर रहली गांव में सामने आया जहां शातिर चोरों ने मंगलवार की वीती रात दो किसानों के घरों से चोरी की वारदात को अंजाम दिया और लाखों का माल समेटकर रफूचक्कर हो गए है। सुबह जब परिवारजनों की नींद खुली तो कमरे का सामान बिखरा हुआ था, परिवार के लोगों को शंका हुई तो उन्होने सारे सामान की जांच की तो उसमें ज्वेलरी सहित नगदी गायब मिली, जिसके बाद उन्हे ये समझते देर नहीं लगी, कि चोरों ने उनके कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया है। पीड़ति परिवारजनों ने तत्काल ही घटना की जानकारी गोटेगांव पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी साक्ष्यों को एकत्रित करते हुए मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### दहलान मे से रहे थे परिवार जन

पीड़ति किसान ने बताया कि परिवार के सभी लोग घर की दहलान में सो रहे थे। तभी देर रात में अज्ञात चोर आया और शातिराना तरीके से नगदी समेत लाखों रुपए के सोने, चांदी के जेवरात चुराकर फरार हो गया। जिसकी किसी को भनक भी नहीं लगी। रोज की तरह जब हम लोग सुबह उठे तो गेट खुला देखा, जब कमरे के अंदर पहुंचे तो अलमारी, तिजोरी, पेटी सहित सामान पूरी तरह बिखरा हुआ पड़ा था और घर में रखी नगदी एवं सोने चांदी के आभूषण गायब थे। जिसके बाद गोटेगांव थाने में सूचित किया तत्पश्चात स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए चोर की तलाश में जुटी हुई है।

### सोना चांदी सहित नकदी पार

बताया गया, कि किसान विश्वास पटेल के घर से 40 हजार रुपए के साथ 8 तोला के सोने के आभूषण, 1 किलो चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं। जिसमें एक हार, छैं कंगन, एक कंडोरा, तीन जोडी झुमकी, सात अंगूठी, नौ अध्धा एक कर्धन, एक पांचाली, छः पायल, एक छोटी चेन के अलावा घर का अन्य कीमती सामान चोरी हुआ है। वही किसान कैलाश पटेल के घर से 1 लाख नगदी सहित 8 तोला सोना एवं चां से अधिक मरीजों दी 500 ग्राम सहित चोरी हुए हैं। घटना के बाद से पुलिस ने मामल दर्ज कर चोरो की तलाश की जा रही है ।

### चोरों की तलाश मे जुटी पुलिस

गोटेगांव के रहली में हुई चोरी की बड़ी वारदात के चलते अब पुलिस के सामने भी अज्ञात चोरों को पकड़ने दबाव देखा जा रहा है। स्थानीयजन जहां सुरक्षा की गुहार लगा रहे है, वही पुलिस भी इस बड़ी चोरी की वारदात का खुलासा करने में एड़ी, चोटी का जोर लगा रही है। इसके लिए पुलिस ने जहां अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया है, वही आसपास मौजूद सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है, ताकि चोरों का कुछ सुराग हासिल हो सके और उन्हे पकड़कर सींखचों के पीछे कर आम जनता को सुरक्षा का अहसास कराया जा सके।

## बैंक कर्मियों की सांठगांठ का अंदेशा, जान से मारने की दे रहे धमकी

# खाताधारी की बिना जानकारी के लाखों का लेनदेन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

बुधवार को थाना क्षेत्र गोटेगांव निवासी द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया जिसमे बताया गया हे कि उसके खाते से बिना जानकारी के पैसों का लेनदेन व धोखाधड़ी करने तथा जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है । आवेदक आरिफ खान पिता शेख यूनिस खान निवासी ग्राम लाटगांव द्वारा दिये गये आवेदन मे उल्लेख किया गया है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गोटेगांव में मेरा खाता है और 28 मार्च को दो लोग मेरे घर आए और उन्होने कहा कि मेरे खाता में उनके पैसे आए हैं। मैन उनको बताया कि मेरे पास मैसेज नहीं आए है। इस पर वे लोग मुझे बैंक ले गए। उनके पास मेरा चेक था। जिस पर साढे तीन लाख रुपए भरकर दिया, जिसे मैंने बैंक में लगाया तो भुगतान हो गया। वे लोग बैंक के पास से ही मुझसे पैसे लिए और फरार हो गए। 29 मार्च को मेरे मोबाइल नंबर व मां के मोबाइल पर अलग-अलग 10 से अधिक मोबाइल नंबरों से कॉल आए। अधिकांश कॉल वाटसप नंबर पर आये और बात करने वाले खुद को सायबर क्राइम, पुलिस अधिकारी बता रहे थे। इसमें कुछ महिलाएं शामिल है। उनका कहना था कि तुम्हारे मोबाइल पर पैसे आए हैं। उसे हमे वापिस कर दो नहीं तो जान से मार देंगे। 29 मार्च दोपहर में गाडरवाड़ा निवासी ब्रिजेश सोनी में बताया कि तुम्हारे नाम की सुपारी निकल गई है और सुपारी गाडरवाड़ा निवासी अमित ने ली है। एक अप्रैल को मेरे ग्राम कोटवार आया और अपने मोबाइल से मेरी माताजी की बात कराई। बात करने वाले ने बताया कि में एसपी कार्यालय से बोल रहा हूं। तुम्हारे लड़के के खाते में अधिक पैसे आए है। इसे कही कि वह वापस कर दें। अन्यथा वे लोग बहुत बुरे है कुछ भी कर सकते हैं। लगातार फोन आने पर मैंने बैंक डिटेल दो अप्रैल को निकलवाया तो मुझे जानकारी हुई कि मेरे खाते में 27 मार्च से पैसे आ रहे है आरटीजीएस व ट्रांसफर भी हो रहे हैं। इसकी जानकारी मुझे नहीं है। मुझे केवल 28 मार्च की घटना जो मेरे साथ हुई है। उसकी जानकारी है। मेरे खाते में 28 मार्च को ही 28 लाख से अधिक रुपए आए हैं। उस दिन से पैसे आरटीजीएस ट्रांसफर दो लड़के मेरे घर आकर बैंक ले गए और साढ़े तीन लाख रुपए निकलवा लिए। उनके पास मेरा चैक बुक भी था। मुझे बैंक से चेकबुक व एटीएम नहीं मिले थे। उस समय बताया गया था कि पोस्ट के माध्यम से घर पर चैक बुक व एटीएम पहुंच जायेगा लेकिन आया नहीं। ऐसे में मुझे संदेह है कि बैंक के लोग भी इसमें शामिल है। मेरे खाते में कहां से पैसे आए और किसने निकाला तथा गांव के कोटवार और गोटेगांव निवासी योगेश मेहरा का इस मामले में क्या भूमिका है इनकी जांच की जावे तथा जान से मारने की धमकी देने वालों से मेरी सुरक्षा कराई जाए। पीड़ति ने बताया कि वह आनलाइन वर्क व मोबाइल रिपेयरिग का कार्य करता हूं। उक्त घटना के बाद से परविार मे दहशत का माहौल बना हुआ है मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है ।




# अभाविप का होली मिलन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

विगत दिवस अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । जिसमे विद्यार्थी परिषद के महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री विपिन गुप्ता की विशेष उपस्थिति रही। विद्यार्थी परिषद की जिला संयोजक सुश्री ओशी कुशवाहा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पूर्ण उत्साह, उमंग और हर्षौल्लास से संपन्न हुए समारोह का संचालन विभाग संयोजक अनुभव कौरव व आभार प्रदर्शन प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रियांशु तिवारी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक परितोष दुबे, जिला शारीरिक प्रमुख अजय खत्री, विद्यार्थी परिषद पूर्व प्रांत सहमंत्री विनीत नेमा, जिला महाविद्यालयीन प्रमुख आयुष शर्मा, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष श्रीमती संध्या कोठारी , भारत विकास परिषद से श्रीमती भारती कौरव, गौरव तिवारी, अभाविप जिला संगठन मंत्री देवेंद्र पनिका, नगर मंत्री श्रेयांश गुप्ता, सह मंत्री वैभव कतिया, सहित अन्य कार्यकर्ता व छात्र- छात्राओं की बड़ी संख्या मे सहभागिता रही ।

### सेक्टर अधिकारियों में संशोधन आदेश जारी

**नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र 17- होशंगाबाद के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर और 121- गाडरवारा के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन कर नवीन आदेश जारी किया है। जारी संशोधित आदेश के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर में वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्वाचन ड्यूटी में छूट प्रदान की गई है। इस हेतु सेक्टर क्रमांक 4 बरमानकलां, सेक्टर क्रमांक 27 हाड़ीकाट एवं सेक्टर क्रमांक 28 ढाना में आंशिक संशोधन कर नवीन सेक्टर अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

# दो हजार की रिश्वत लेते हुये बाबू गिरफ्तार, लोकायुक्त की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

बुधवार को लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के गेट के सामने शासकीय स्कूल में पदस्थ लिपिक दिनेश कुमार साहू पिता स्व. शिबू लाल साहू 44 वर्ष को आवेदक देवेश कुमार पाण्डे से दो हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मिली जनकारी के अनुसार आवेदक देवेश कुमार पांडे पिता स्व. सतीश चंद्र पांडे 46 वर्ष निवासी जिला नरसिंहपुर से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरपानी में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 दिनेश कुमार साहू ने का वेतन वृद्धि एवं बढ़े हुए डीए का एरियर लगाने के एवज में दो हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। उक्त कार्रवाई में लोकायुक्त टीम से निरीक्षक श्रीमती रेखा प्रजापति, निरीक्षक स्वप्निल दास, उप निरीक्षक शिशिर पांडे एवं चार अन्य सदस्य शामिल रहे।

# अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ते हुए जमींदोज हो गये नगर के 17 कुएं

## कुछ जल स्त्रोत आज भी अस्तित्व बचाने में लगे हुए हैं

तेंदूखेड़ा-

एक समय था जब लोग दूसरों को ठंडा शीतल पेयजल व्यवस्था हेतु जगह जगह कुआ बावड़ियों का निर्माण कराया करते थे। लेकिन अब समय की बलिहारी कही जाये या फिर सुविधा भोगी होती जिंदगी के चलते प्राचीन जल स्त्रोत अपना अस्तित्व बचाने की लड़ाई लड़ते हुए जमींदोज होते चले जा रहे हैं।भले ही शासन प्रशासन भीषण पेयजल संकट के समय या पर्यावरण समस्या के समय जल जंगल जमीन को बचाने तरह तरह के अभियानों के माध्यम से कागजी घोड़े दौड़ा कर केवल खाना पूर्ति में जुट जाती है समय निकलते फिर वही स्टिम प्रारंभ हो जाता है। तेंदूखेड़ा के सरकारी रिकॉर्ड में 17 पक्के कुये और 13 अन्य जल स्त्रोत दर्ज हुआ करते लेकिन आज की तारीख में यह स्थिति बनीं हुई है कि यहां पर ना ही कोई जल स्त्रोत सुरक्षित है और ना ही एक भी कुआ सुरक्षित बचा हुआ है।किसी पर आलीशान भवन तो कहीं मंदिर या फिर किसी को कचड़ा दान का स्वरूप प्रदान कर दिया गया है।



### यही हाल तालाबों का भी

इसी तरह से नगर में दो तालाब है जिनमें खसरा क्रमांक 17 रकबा 11ध्88में फुट्टा तालाब दर्ज है तो खसरा नंबर 396 में 5.38 हेक्टेयर भूमि में बिल तला स्थित है लेकिन आज भी दोनों तालाब अपने अस्तित्व को बचाने में जुटे हुए हैं। दिनों दिन इनका आकार सकरा होने के साथ अब कृषि उपज उपजाई जाने लगी है। रामघाट के समीप एक बावड़ी तथा परम्परागत जल स्त्रोत हुआ करते थे जो अब नहीं बचें है। विगत वर्षों में बावड़ी की सफाई के दौरान उसमें पानी जरूर निकलने लगा था लेकिन उचित रखरखाव ना हो पाने के कारण वही ढाक के तीन पात वाली कहावत ही चरितार्थ हो रही है।

### विलुप्त हो गये राधा कृष्ण कुंड

रामघाट के समीप झरनों और कुंडों के बीच दो राधा कृष्ण नाम से कुंड बनें हुए थे इनमें एक कुंड में गर्म और दूसरे में ठंडा पानी रहता था लोग प्रातः काल दैनिक क्रियाओं के उपरांत अक्सर कर नहाने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते थे लेकिन अब इन कुंडों का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है।ना झरनें बचें है और ना ही कुंड यदि इनका शुरू से ही उचित रखरखाव होता रहता तो शायद आज यह स्थिति नहीं बनती।

### ढिलवार की बहर ही शेष बची

गौड़ राज दरबार में अपनी व्यक्तिगत व्यवस्थाओं को लेकर आदिवासी बाहुल्य ग्राम ढिलवार में ही केवल बहर देखने को मिलती हैं। ग्राम पंचायत के साथ साथ गांव के लोगों की सजगता के चलते यह अभी तक सुरक्षित है। समय समय पर इसकी साफ सफाई और पुताई होती रहती है इसमें अभी भी पानी भरा हुआ है। लेकिन लोग बहुत ही कम उपयोग किया करते हैं। लेकिन इस धरोहर को संजोकर रखने की जवाबदेही ग्रामीणों की है।